दिनांक 04.08.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) की बैठक जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे:–

| क्रमांक | नाम | पदनाम | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री विधान जायसवाल, आई.ए.एस. | मुख्य विकास अधिकारी | कानपुर देहात। |
| 2 | श्री टी0आर0 कटारिया | अधिशासी अभियन्ता | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) |
| 3 | श्री रामचन्द्र शुक्ला | सहायक अभियंता | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) |
| 4 | श्री पुनीत कुमार | सहायक अभियंता | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) |
| 5 | श्री अखण्ड प्रताप गहलोत | सहायक अभियंता | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) |
| 6 | श्री सुशांत चौधरी | डी.पी.एम. | टी.पी.आई.–बी.एल.जी. प्रा0लि0 |
| 7 | श्री हेमन्त तिवारी | प्रोजेक्ट मैनेजर | जी.वी.पी.आर. प्रा0 लि0 |
| 8 | श्री रामाराव | प्रोजेक्ट मैनेजर | इण्डियन हयूम पाइप प्रा0लि0 |
| 9 | श्री वाम्सी कृष्णा | प्रोजेक्ट मैनेजर | वी.एस.ए.–एस.सी.एल. प्रा0लि0 |
| 10 | श्री सन्दीप शुक्ला | प्रोजेक्ट मैनेजर | वी.टी.एल.–गाजा प्रा0लि0 |

बैठक के दौरान JJM Dashboard पर उपलब्ध विभिन्न बिंदुओं एवं आंकड़ों जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई, जो निम्नवत् है:–

1. Table No-01: Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progress - अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत 02 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं मैंथा एंव खोजाफूल पेयजल योजना का पुर्नगठन का कार्य कराया जा रहा है योजनान्तर्गत कार्यो कि प्रगति 80 प्रतिशत है। विगत् 02 वर्षो से धनावंटन न होने के कारण तथा ठेकेदार की लापरवाही के कारण योजनाओं के कार्य बाधित थे जिस कारण कार्य ससमय पूर्ण नही किये जा सके। वर्तमान मे ठेकेदार के विरूद्व अनुबन्ध स्थगन की कार्यवाही करते हुये पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने कि कार्यवाही प्रगति पर है। जिसके उपरान्त समस्त अवशेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण करा लिये जाएगें।

   उक्त के सम्बध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि दोनो योजनाओं के कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिये जाए।

2. Table No-1 A: Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद में पूर्व निर्मित 17 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 07 नग पेयजल योजनाए पूर्ण रूप से एवं 13 नग पेयजल योजनाए आंशिक रूप से क्रियाशील है जिनका संचालन एवं अनुरक्षण सम्बन्धित फर्म द्वारा किया जा रहा है तथा 08 नग पेयजल योजनाए अक्रियाशील है जिन्हे क्रियाशील किये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है। जिसके सम्बंध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त 08 नग पेयजल योजनाओं को शीघ्र क्रियाशील करते हुये जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

3- Table No-1B: Jal Nigam Retrofit Scheme Progress- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद में रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत 44 नग पेयजल योजनाए प्रस्तावित थी जिनके समस्त कार्य पूर्ण कर लिये गये है वर्तमान मे संचालन एवं अनुरक्षण फर्म के द्वारा किया जा रहा है।

4- Table No-2: Physical Progress Phase wise- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया जनपद में जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) के अन्तर्गत कुल प्रस्तावित 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 278 नग पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण कराते हुये संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य सम्बन्धित फर्म द्वारा किया जा रहा है तथा 208 नग पेयजल योजनाओं के ट्रायल रन का कार्य किया जा रहा है एवं 18 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही अवगत कराया गया कि जनपद हेतु नामित फर्म वी.एस.ए. प्रा0लि0 हैदराबाद द्वारा 03 माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी वर्तमान तक 137 नग नग पेयजल योजनाओं के ट्रायल रन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है तथा इनके

द्वारा कराये जा रहे कार्यो कि प्रगति बहुत धीमी है। जिस कारण जनपद कि छवि धुमिल हो रही है। जिसके सम्बंध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री वाम्सी कृष्णा को निर्देशित किया गया कि लम्बित समस्त योजनाओं के कार्य शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति मे उनके विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

5- Table No-2A: Single Village Scheme Physical Progress- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद में कुल 289 नग एकल ग्राम पेयजल योजनाए है। जिसके सापेक्ष 143 नग पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 105 नग पेयजल योजनाओं के ट्रायल रन का कार्य किया जा रहा है एवं शेष 09 नग पेयजल योजानाओं के कार्य प्रगति पर है।

उक्त के सम्बध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि शेष 09 नग पेयजल योजनाओं के कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिये जाए।

6- Table No-3: RWS (Regular Water Supply Villages) disruption - अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे वर्तमान मे नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों मे किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं है।

7- Table No-4: Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration - अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) से अच्छादित कुल 847 नग ग्रामों के सापेक्ष 417 नग ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण, 271 नग ग्रामों मे जलार्पण, 383 नग ग्रामों मे जल आकलन का कार्य एवं 816 नग ग्रामों मे शत–प्रतिशत् सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। जिसके सम्बंध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि शेष लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें तथा शत–प्रतिशत् सड़क पुर्नस्थापना किये जा चुके ग्रामों मे ग्राम सचिवालय पर समस्त सड़कों कि सूची प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

8- Table No-4A: RPWSS Village Details- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे कुल 923 RPWSS आई डी बनाये जाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण कर लिये गये है।

9- Table No-5: Components Wise Physical Progress- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति निम्नवत् है–

| Sr.No. | Components | Physical Progress | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Target | Achievement | % |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ट्यूबवेल | 540 | 534 | 98.89 |
| 2 | पंप हाउस | 540 | 525 | 97.22 |
| 3 | क्लोरीनीकरण प्रणाली | 540 | 466 | 86.3 |
| 4 | ओवरहेड टैंक (OHT) | 499 | 494/425 | 99 |
| 5 | पाइपलाइन बिछाने का कार्य (कि.मी) | 4839 | 4795 | 99.09 |
| 6 | सौर ऊर्जा प्लांट | 459 | 449 | 97.82 |
| 7 | घरेलू नल कनेक्शन(FHTC) | 293656 | 290179 | 98.82 |
| 9 | सड़क मरम्मत का कार्य (KM) | 3218 | 3148 | 97.82 |
| 10 | वे गॉव जहॉ 100% सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है। | 847 | 816 | 96.34 |
| 11 | कमीशनिंग गॉव | 847 | 809 | 95.51 |
| 12 | नियमित जल आपूर्ति | 847 | 748 | 88.31 |

उक्त के सम्बंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करते हुये ग्रामों मे नियमित रूप से शुद्व जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

10- Table No-6: Unified Command and Control System (UCCS)-Automation - अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) के अन्तर्गत निर्माणाधीन कुल 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 319 नग पेयजल योजनाओं के Integration & Automation का

कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिसके सम्बंध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि शेष योजनाओं के Integration & Automation का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

11- Table 7: Grievance Redressal System- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सम्बंध मे वर्तमान तक कुल 1804 नग शिकायते jjm.up.gov.in पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुयी है जिसके सापेक्ष 1629 नग शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है शेष 175 नग शिकायतों के निस्तारण के कार्य प्रगति पर है साथ ही जनपद मे अनुरक्षणाधीन पेयजल योजनाओं के सम्बंध मे वर्तमान तक 1045 नग शिकायतें प्राप्त हुयी है जिसके सापेक्ष 1012 नग शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। शेष 33 नग शिकायतों का निस्तारण का कार्य प्रगति पर है।

12- Table 8- भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के Arsenic/Fluoride/JE/AES प्रभावित क्षेत्रों का विवरण - अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे कुल 04 नग ग्राम Fluoride से प्रभावित है जिसके अन्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण करते हुये पेयजल योजनाओं के माध्यम से शुद्व जलापूर्ति का कार्य किया जा रहा है।

13- Table 9-Water Quality- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) हर घर जल प्रमाणित ग्रामों मे 25.66 प्रतिशत पेयजल कि टेस्टिंग का कार्य किया जा चुका है तथा स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रो मे 13.63 प्रतिशत पेयजल कि टेस्टिंग का कार्य किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।

14- Table No-10: Automation Integrated Schemes- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) के अंतर्गत सभी पेयजल योजनाओ पर पानी कि गुणवत्ता एवं नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उददेश्य से live monitoring के लिए Scada / Automation Integration का कार्य किया जा रहा है जिसे jjm.up.gov.in पोर्टल के माध्यम से live monitoring की जा सकती है। जिसके सम्बंध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि शेष योजनाओं के Integration & Automation का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

15- CIRP Status- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) के अंतर्गत 06 नग एकल ग्राम पेयजल योजनाओं को जल जीवन मिशन द्वारा निर्धारित समय सीमा से बढाते हुये माह दिसम्बर 2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित किया गया है एवं 01 नग ग्राम समूह पेयजल योजना को माह मार्च 2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित किया गया है।

16- Land Availability / Issues अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) मे 06 नग पेयजल योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध न होने के कारण कार्य बाधित है जिस हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर भूमि उपलब्ध कराने का कार्य प्रगति पर है।

17- Chlorination Details अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद मे जल जीवन मिशन (फेज–2 एवं 3) के अन्तर्गत अनुरक्षणाधीन पेयजल योजनाओं एवं जल निगम द्वारा अनुरक्षणाधीन पेयजल योजनाओं पर क्लोरीनेशन के उपरान्त जलापूर्ति की जा रही है।

## Other Issue-Related Instructions

1. वर्तमान समय मे जिन पेयजल योजनाओं मे ग्रामवासियों को जल आपूर्ति उपलब्ध करायी जा रही है भविष्य मे भी नियमित रूप से जलापूर्ति रहे एंव जलापूर्ति से सम्बन्धित शिकायतो का निराकरण समयान्तर्गत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।
2. पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़को की पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।
3. मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 को मैन पावर बढाकर प्रगति बढाने एंव गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

4. पेयजल योजनाओं में सम्मिलित जो ग्राम हर घर जल घोषित हो गये है उनका हर घर जल प्रमाणीकरण तीव्रतापूर्वक कराये जाने हेतु समस्त एजेन्सियों एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है।

10/02/26

(कपिल सिंह)
जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जनपद–कानपुर देहात।

पत्रांक                                        दिनांक

प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, कानपुर देहात।
2. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
3. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
4. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
5. मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
6. मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, परियोजना प्रबन्धक।
7. मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक।
8. मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जनपद–कानपुर देहात।